लोक सभा अध्यक्ष ने वर्ष 2013 -14 के लिए उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार प्रदान करने हेतु पुरस्कार समिति का गठन किया

नई दिल्ली, 6 अगस्त, 2015 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने वर्ष 2013 -14 के लिए उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार प्रदान करने हेतु पुरस्कार समिति का गठन किया है । पुरस्कार समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे:

1. श्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री

2. प्रोफेसर पी. जे. कुरियन, उप सभापति, राज्य सभा

3. श्री लाल कृष्ण आडवाणी, संसद सदस्य, लोक सभा

4. डॉ कर्ण सिंह, संसद सदस्य, राज्य सभा

5. श्री राम बहादुर राय, पत्रकार

वर्ष 1994 में भारतीय संसदीय ग्रुप द्वारा स्थापित उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार वर्ष 1995 से पुरस्कार समिति द्वारा चुने हुए उत्कृष्ट सांसद को प्रदान किया जाता है।